**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1131**
**08 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## एनटीसी की मिलों के तहत भूमि का पुनर्विकास

**1131. श्री भर्तृहरि महताब:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय वस्त्र निगम (एनटीसी) की नौ मिलों के अंतर्गत भूमि का पुनर्विकास कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा कया है;

(ख) क्या उक्त नौ मिलों की भूमि में स्थित चॉलों को गैर-उपकर से उपकर में बदलने की प्रक्रिया के अधीन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या राज्य सरकार इस प्रक्रिया का हिस्सा है और यदि हां, तो उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जो सरकार के विचाराधीन हैं?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) से (ग):** एनटीसी मिलों की निरंतर कमजोर आर्थिक व्यवहार्यता के आलोक में, वस्त्र मंत्रालय नीति आयोग और लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय के परामर्श से इस मामले में भावी कार्य योजना तैयार कर रहा है।

जहां तक, एनटीसी की 9 मिलों की भूमि पर स्थित गैर-उपकर चॉलों को उपकर वाली चॉलों में परिवर्तित करने का संबंध है, 7 चॉलें उपकर भवन (महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा मरम्मत/पुनर्निर्माण किए जाने के लिए कब्जाधारक ग्रेटर मुंबई नगर निगम को उपकर का भुगतान करते हैं) में है और शेष 4 चॉलें गैर-उपकर वाली (मरम्मत और पुनर्निर्माण की जिम्मेवारी स्वामी अर्थात एनटीसी की है) हैं। एनटीसी ग्रेटर मुंबई के लिए विकास नियंत्रण और संवर्धन विनियमन 2034 के प्रावधानों के अनुसार महाराष्ट्र सरकार के परामर्श से एक व्यवहार्य समाधान पर कार्य कर रहा है।

*****